छत्तीसगढ़ में गौण खनिज खानों की ई–नीलामी में बिडिंग हेतु
BIDDER MANUAL

बोलीदार द्वारा Internet Explorer पर क्लिक करने के पश्चात् एक पेज खुलेगा इसके Adress Bar में www.mstcecommerce.com टाईप कर इस बटन पर क्लिक करना होगा।



निम्न पेज में Mineral Block/Mine में क्लिक करने पर e-Auction का बॉक्स खुलेगा उसपर क्लिक करें



निम्न पेज खुलने पर माइनर मिनरल्स का चुनाव करें



माइनर मिनरल्स का चुनाव करने पर नीचे दर्शाया गया लॉगिन पेज खुलेगा इस Login पेज में लॉग इन करने हेतु एम एस टी सी द्वारा ई–मेल के माध्यम से प्रेषित User Id एवं Password भरें तथा BUYER के सामने दर्शित ○ में क्लिक करें तथा उसके नीचे Select Auction/Tender के पास दिखाई दे रहे ड्राप डाउन एरो पर क्लिक कर, जिस जिले अथवा DGM (ऑक्शन हेतु) द्वारा जारी NIT को आप अवलोकन करना या उसपर बोली लगाना चाहते हैं , उसका चुनाव करें ततपश्चात लॉगिन बटन पर क्लिक करें



लॉगिन बटन पर क्लिक करने के बाद डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सिलेक्ट करने Popup विंडो खुलेगा। Click to Sign बटन पर क्लिक करें



अपना सर्टिफिकेट सिलेक्ट कर OK बटन दबायें।



OK बटन दबायें



सफलतापूर्वक डीएससी द्वारा साइन इन करने पर निम्नांकित पेज खुलेगा OK पर क्लिक करें



डिजिटल सिग्नेचर से Sign In होने में यदि कोई error दिखाये तो address bar में जाकर निम्न address टाईप करें:–

http://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mstc/SignerToolTest.jsp

इसके पश्चात् इस बटन पर क्लिक करें।



नीचे दर्शाया गया पेज खुलने पर बोली लगाने अथवा आवश्यक दस्तावेजों के रूप में टेक्निकल बिड सबमिट करने हेतु इच्छुक बोलीदार Click For Bidding लिखे पीले बटन पर क्लिक करें



निम्न पेज खुलने पर IPO Submission का चुनाव करें



"Technical cum IPO Submission" पर क्लिक करें



ऑक्शन हेतु चल रही प्रथम चरण बिड प्रक्रिया की सूची हेतु "Live Stage I Bidding" पर Click करें।



चल रहे ऑक्शन में से मनचाहे ऑक्शन पर क्लिक करें



ऑक्शन पर क्लिक करने से निम्न पेज खुलेगा। इस पेज पर दिखाई दे रहे Pop up Window में नीचे की ओर दिए गए ☐ इस चिन्ह पर क्लिक करें। उक्त चिन्ह पर क्लिक करते ही Pop up Window में नीचे, दाहिनी ओर Run बटन एक्टिवेट हो जाएगा ।

अब Run बटन पर क्लिक करें. ।

Run बटन को क्लिक करने पर यही Pop up Window दुबारा खुलेगी ऊपर बताई गयी प्रक्रिया को अक्षरशः दोहराएं ।



दूसरी बार Run बटन पर क्लिक करने पर निम्न पेज खुलेगा। इस पेज पर ATTACH DOCS के बटन पर क्लिक करें।



Documents Attach करने हेतु Browse Button पर क्लिक कर वांछित Documents सलेक्ट करें एवं Upload Button पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Uploaded Documents निम्नानुसार प्रदर्शित होंगे।



तत्पश्चात् Technical Bid Submission हेतु Technical Bid पर क्लिक करें।



निम्न विंडो प्रदर्शित होने पर Disclaimer स्वीकार करने हेतु Agree बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Save बटन पर क्लिक कर इसे Save करें।



उपरोक्त प्रक्रिया पूरी होने पर Bid Status के नीचे Technical Bid Saved का संदेश प्राप्त होगा। अब आप Initial Price Offer (IPO) पर क्लिक कर अपना IPO सबमिट कर सकते है।



IPO सबमिट करने हेतु प्राइस के आगे मनचाही कीमत बोली रूप में टंकित कीजिये। ध्यान रखें की बिड प्राइस में आपके द्वारा डाली गयी राशि **रिजर्व प्राइस से अधिक ही होनी चाहिए** अन्यथा पोर्टल आपकी बोली स्वीकार नहीं करेगा।
इसके बाद Final Submission पर क्लिक करें ।
बिड सबमिशन के इस चरण में फिर से DSC का चुनाव करें।



उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण करने पर निम्न पेज खुलेगा जिसमे हरे रंग में Bid submitted लिखा होगा अर्थात आपकी बोली दर्ज कर ली गयी है ।



बोली लगाने हेतु दी गयी सात दिनों की समय सीमा में यदि आप चाहें तो उक्त बोली बदलने हेतु Revised Bid या बोली पूर्णतः वापस ले बिडिंग से बाहर होने हेतु Withdraw Bid का इस्तेमाल कर सकते हैं ।



बिड सबमिशन प्रक्रिया पूर्ण होने का संदेश प्राप्त करें।

तकनीकी अहर्ता प्राप्त बोलीदार दूसरे चरण के Forward Auction में भाग लेने हेतु Portal पर Login कर फिर से Click For bidding का चुनाव करें।



निम्न पेज खुलने पर Forward Auction का चुनाव करें।



निम्न पेज खुलने पर LiveAuctions पर Click करें।



LiveAuctions की सूची में से मनचाहे Auction पर Click करें।



निम्न Window Bid Floor दर्शाती है। इसमें Floor Price एवं Last Bid देखे जा सकते है। आपकी बिड Floor Price से अधिक ही होनी चाहिए। इच्छानुसार Bid Amount टंकित कर Bid बटन पर Click करें। बोलीदार यदि चाहे तो वह स्वयं Highest Bidder (H1) है या नही ये जानकारी H1 Check बटन का इस्तेमाल कर प्राप्त कर सकता है। Bid Amount 8 minutes के अंतराल के बीच ही बदली जा सकती है।



बोली आधार मूल्य (फ्लोर प्राईस) से अधिक लगानी होगी। इस तरह बढ़ते क्रम में एक के बाद एक बोलियां लगाई जायेगी एवं प्रत्येक बोली पिछले बोली से राशि रूपये एक या एक के गुणांक से अधिक होगी अन्यथा बोली स्वीकार नहीं की जाएगी एवं नीचे दिखायी गयी Pop up Window खुल जाएगी ।



बोलीदार अपनी लगाई हुई बोलियों की जानकारी Bid History में जाकर देख सकते हैं।